# स्तरण के निर्धारण
## (Determinants of Stratification)

पार्सन्स ने स्तरण के छः निर्धारक बताए हैं। इनसे मात्र स्तरण का ही निर्धारण नहीं होता बल्कि व्यक्तियों की हैसियत का भी निर्धारण होता है।

(1) स्वजन समूह की सदस्यता,
(2) व्यक्तिगत विशेषताएँ या गुण,
(3) उपलब्धियाँ
(4) स्वामित्व
(5) सत्ता एवं
(6) शक्ति।

पार्सन्स द्वारा प्रस्तुत इन छः कारकों के द्वारा ही समाज में व्यक्तियों की स्थिति का निर्धारण होता है।

(1) स्वजन समूह की सदस्यता — व्यक्तियों की हैसियत समाज में कभी-कभी इस तथ्य से भी निर्धारित होती है कि वह किस प्रकार के समूह से जुड़ा है। समूह की सदस्यता दो प्रकार से प्राप्त होती है — (i) जन्म से एवं (ii) विवाह से। यदि कोई व्यक्ति राज-परिवार में जन्म लेता है तो वह बालक की सामाजिक स्थिति काफी अच्छी होती है। इसके विपरित यदि कोई साधारण परिवार या समाज के निम्न तबके में जन्म लेता है, तो उसकी सामाजिक हैसियत स्वाभाविक रूप से छोटी होगी। लेकिन वह अपने गुणों या उपलब्धियों के कारण किसी उच्च कुल के परिवार से वैवाहिक संबंध जोड़ने में सफल हो जाता है, तो उस व्यक्ति को उस